पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद गौतम बुद्ध नगर के स्पर्श ग्लोबल बिजनेस स्कूल के स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर न्यू कैम्पस का उद्घाटन किया।

स्कूलों में बच्चों को बचपन से ही बनाया जाए आत्मनिर्भर

शिक्षा के साथ–साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान होना अनिवार्य है

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल
लखनऊ 04 अगस्त 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थित स्पर्श ग्लोबल बिजनेस स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर स्कूल के न्यू कैम्पस का उद्घाटन किया।

राज्यपाल जी ने सम्बोधन में जमीनी स्तर और मूल्य आधारित शिक्षा से सीखने के महत्व और राष्ट्र पर सार्थक प्रभाव डालने की इच्छा व्यक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से हमेशा एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ने के आकांक्षा रखने का आग्रह किया और अगले कुछ दशकों में युवाओं के लिए भारत में मौजूद महान

संभावनाओं और अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में कराये जा रहे सुधारों और डिजिटलीकरण हेतु सभी को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि जनपद गाजियाबाद में देश की पहली ए.आई आंगनवाड़ी का शुभारम्भ हुआ है, इससे बच्चों को और बेहतर शिक्षा व जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बच्चे उसे समझ सके, सिर्फ रटाकृरटाया ज्ञान ना हो। उन्होने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का भी ज्ञान होना चाहिए।

राज्यपाल महोदया ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के साथ साथ महिलाऐं भी कुपोषित है, जब हमारी माताएं सशक्त बनेगी तो हमारे बच्चे भी सशक्त बनेंगे, तभी देश भी सशक्त बनेगा। हमें आंगनवाड़ी सहित अन्य संस्थाओं के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाना है कि वे किसी ना किसी रूप में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करें, जिससे वे स्वयं सक्षम व मजबूत होकर एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके। उन्होंने कहा कि गर्भधारण के उपरान्त गर्भवती महिला सहित उनके परिवारजनों को चाहिए कि वे घर में स्वस्थ वातावरण रखें जिससे होने वाले बच्चे पर उसका अच्छा असर पड़े तभी बच्चे आने वाले समय में एक सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी, स्थानीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, स्थानीय विधायक श्री तेजपाल नागर, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, बोर्ड आफ गवर्नर्स, अकादमी काउंसिल के सदस्यों, कॉर्पोरेट पार्टनर्स और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

कृष्ण कुमार.सूचना अधिकारी

डॉ0 संगीता चौधरी राजभवन

सम्पर्क सूत्र.9454468250/9161668080

SPARSH
Sparsh Global Business

SPARSH
Sparsh Global Business School
WELCOMES